7. जैन धर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. जैन धर्म ईश्वर के अस्तित्व में विश्वास करता है।
2. स्यादावाद का विचार सत्य की सापेक्षता में विश्वास करता है।
3. जैनों को कृषि का कार्य/व्यवसाय न करने की सलाह दी गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत में "ऑस्ट्रो-एशियाटिक" (Austro-Asiatic) भाषाएँ सबसे आरंभिक लगती हैं।
2. द्रविड़ भाषण का सबसे पहला रूप "ब्राहुई" (Brahui) पाकिस्तान में पाया जाता है।
3. भाषण/ वाक् के "ऑस्ट्रिक" (Austric) रूपों में किसी साहित्य का विकास नहीं हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

9. भारतीय भाषाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. संस्कृत, पाली एवं प्राकृत इंडो-आर्यन भाषाएँ हैं।
2. हिंदी अपभ्रंश से विकसित हुई।
3. कश्मीरी संस्कृत से गहन रूप से प्रभावित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

10. "मध्य पाषाण युग" (The Mesolithic Age) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. मध्य पाषाण युग के लोग शिकार, मछली पकड़ने और भोजन जुटाने पर जीवित रहते थे।
2. इस युग के दौरान पशुओं को पालतू बनाना आरंभ हुआ।
3. मध्य पाषाण युग के लोग चित्रकारी का अभ्यास करते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

11. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन **गलत** है/हैं?

1. "नवपाषाण युग" (The Neolithic Age) के लोग सर्वप्रथम खाद्य उत्पादक थे।
2. नवपाषाण युग के लोगों को "कुम्हार का पहिया" (The Potter's Wheel) ज्ञात नहीं था।
3. नवपाषाण युग के लोग पॉलिश किए हुए पत्थर के औज़ारों का उपयोग करते थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. "बुर्ज़ाहोम" (Burzahom) में घरेलू/ पालतू कुत्तों को उनके मालिकों के साथ दफनाया जाता था।
2. "कोल्डिहवा" (Koldihwa) चावल की खेती के लिए जाना जाता है।
3. "पिकलिहल" (Piklihal) में राख के टीले और निवास स्थल पाए गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3